>

Title: The Minister of State in the Ministry of Communications and Information technology laid a statement regarding status of implementation of the recommendations contained in the 7th Report of the Standing Committee on Information Technology on Demands for Grants (2010-11), pertaining to the Department of Information Technology, Ministry of Communications and Information Technology.

**संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सचिन पायलट):** अध्यक्ष महोदया, दिनांक 1 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन भाग-।। के जरिए किए गए माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निदेश 73क के अनुसरण में, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति (2009-10) की 7वीं रिपोर्ट (15वीं लोक सभा) में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर यह वक्तव्य सभा-पटल पर रख रहा हूँ।

1. सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की वर्ष 2010-11 की अनुदानों की मांग की जांच की तथा रिपोर्ट 21 अप्रैल, 2010 को लोक सभा में प्रस्तुत की। रिपोर्ट में 32 सिफारिशें और टिप्पणी की गई हैं।

2. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने अनवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट (अनुबंध-।) के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी संसदीय समिति की सभी 32 सिफारिशों/िटप्पणियों के कार्यान्वयन के लिए सभी संभावित कदम उठाए हैं।

3. मैं सदन का मूल्यवान समय नष्ट नहीं करते हुए विस्तृत अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट सदन के पटल पर रखना चाहता हूँ।